सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,

सिद्धार्थनगर–272202 उ0प्र0(भारत)

Website :www.suksn.edu.in,Email Id: coe@suksn.edu.in

पत्रांक–5616 /सि0वि0वि0/प0नि0का0/2026 दिनांक 15–05–2026

सेवा में, **महत्वपूर्ण सूचना**

1–केन्द्राध्यक्ष प्रथम, द्वितीय व तृतीय पाली
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर, (परिसर)
2–समस्त प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष
सम सेमेस्टर परीक्षा–2025–26
सम्बद्ध सिद्धार्थ वि0वि0 कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।

विषय– सत्र 2025–26 की परीक्षा नकलविहीन व शुचितापूर्ण रूप से सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र सं0 5539/सि0वि0वि0/प0नि0का0/2026 दिनांक 20–04–2026 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा 2025–26 को शुचितापूर्ण एवं नकलविहीन सम्पन्न कराये जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश निर्गत किये गये थें।

सूच्य है कि परीक्षा केन्द्रों की सतत निगरानी विश्वविद्यालय के सी0सी0टी0वी0 मानीटरिंग सेल द्वारा की जा रही है। जिस हेतु सी0सी0टी0वी0 सेल द्वारा दिये जा रहे निर्देशों का अक्षरशः पालन कराना सुनिश्चित करें। यदि परीक्षा केन्द्रों पर किसी भी प्रकार की अनियमितता या नकल कराये जाने की पुष्टि होती है तो उस परीक्षा केन्द्र की समस्त परीक्षाएं निरस्त कर दी जायेगी साथ ही भविष्य में ऐसे महाविद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाये जाने से वंचित कर दिया जाएगा।

इसी क्रम में मा0 उच्च शिक्षा मंत्री जी की अध्यक्षता में दिनांक 14–05–2026 की वर्चुवल बैठक में दिये गये निर्देश के क्रम में पुनः विश्वविद्यालय की सम सेमेस्टर व वार्षिक परीक्षा सत्र 2025–26 को नकलविहीन व शुचितापूर्वक कराया जाना सुनिश्चित करें।

साथ ही विश्व में उत्पन्न ऊर्जा संकट के दृष्टिगत शासन के निर्देश के क्रम में महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्रों द्वारा सतत विकास, ऊर्जा संरक्षण, ईधन बचत, पर्यावरणीय उत्तरदायित्व एवं संसाधनों के संतुलित उपयोग किये जाने हेतु ऊर्जा बचाएँ, ईधन बचाएँ, वोकल फॉर लोकल अपनाएँ, हरित परिसर व स्वच्छ परिसर, लिफ्ट के स्थान पर सीढ़ियों का प्रयोग, बर्चुअल मीटिंग, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग, सौर ऊर्जा अपनाएँ, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी के साथ कल के लिए आज की बचत को अपनाते हुए आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन कराते हुए परीक्षाएं सम्पन्न करायें तथा ऊर्जा संकट से बचने हेतु यथाआवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

पत्रांक– /तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. कुलसचिव/वित्त अधिकारी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
2. मुख्य नियन्ता, सिद्धार्थ वि0वि0 कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
3. समस्त संकायाध्यक्ष सिद्धार्थ वि0वि0 कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
4. निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
5. सम्बन्धित पत्रावली में संरक्षित हेतु।

परीक्षा नियंत्रक